भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 194***

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की जनजातीय वाहिनी**

***194. श्री दिलीप कुमार तिर्की :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की जनजातीय वाहिनी का गठन करने का निर्णय लिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस प्रकार के निर्णय के पीछे तर्क क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में गृह मंत्री **(श्री राजनाथ सिंह)**

**(क) से (ग) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।**

*****

**दिनांक 03.08.2016 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *194 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) : केन्द्र सरकार द्वारा , छत्तीसगढ़ के चार जिलों, अर्थात् बीजापुर, दांतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा, से संबंधित अनुसूचित जनजातियों (एस.टी.) के अभ्यर्थियों को लेकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) की एक बटालियन स्थापित करने हेतु, एक अनुमोदन प्रदान किया गया है।

(ख) : इस बटालियन को, ऊपर-उल्लिखित चार जिलों से 744 अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों की भर्ती करके, विद्यमान संबद्ध बटालियन पद्धति पर स्थापित किया जाएगा।

(ग) : इस निर्णय के पीछे तर्काधार, उनकी विशिष्ट विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए जनजातीय युवाओं को अधिक रोजगार देना है।

****